>

Title: Regarding establishing educational Institutes in Charkhi Dadri district, Haryana.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): मेरे संसदीय क्षेत्र भिवानी - महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) की कुल जनसंख्या लगभग 28 लाख है जिसमे तीन जिले और नौ विधान सभा क्षेत्र हैं। लेकिन भिवानी और महेन्द्रगढ़ में मात्र दो केंद्रीय विद्यालय और दो नवोदय विद्यालय हैं जबकि नए बनाए गए जिला चरखी दादरी में न तो कोई केंद्रीय विद्यालय है और न ही नवोदय विदयालय है। मेरा मानीय मानव संसाधन मंत्री जी से निवेदन है कि जिला चरखी दादरी में भी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए के वी और नवोदय विद्यालय खोला जाए। दूसरा केंद्रीय विशविद्यालय हरियाणा, पाली (महेन्द्रगढ़) मे बहुत से कोर्स शुरू नहीं किए गए हैं। मेडिकल कॉलेज सहित बाकी सभी कोर्सी को जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। विश्वविद्यालय में मेडिकल कॉलेज की घोषणा बहुत पहले की जा चुकी है। लेकिन अभी तक मेडिकल कॉलेज को शुरू नहीं किया गया है और रिक्त पदों को भी जल्द से जल्द भरा जाए ताकि विद्यार्थियों को फायदा मिल सके।